# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन

# (वर्ष 2019–20)

विश्वविद्यालय की प्रशासनिक गतिविधियां:–

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम वर्ष 1998 द्वारा स्थापित है। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत मध्यप्रदेश की समस्त अभियांत्रिकीय/फार्मेसी/आर्किटेक्चर एवं पोलीटेकनिक संस्थाओं को एकजाई संबद्धता प्रदान करने, पाठ्यक्रमों के समुचित उन्नयन एवं परीक्षाओं के कुशल संचालन के महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित किये जाते है। मध्यप्रदेश राज्य में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में (आर्किटेक्चर और फार्मेसी सहित) स्नातक उपाधि,पत्रोपाधि और स्नातकोत्तर स्तर पर व्यवस्थित, दक्षतापूर्ण एवं गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना विश्वविद्यालय का मूलभूत उद्देश्य है।

- **विश्वविद्यालय का प्रशासनिक मुख्यालय:–**

विश्वविद्यालय का मुख्यालय एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर, भोपाल में स्थित है। इस मुख्यालय से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक/स्थापना/अकादमिक/वित्तीय एवं परीक्षा संबंधी कार्यों का संचालन किया जाता है। सम्पूर्ण शाखाओं के कम्प्यूटरीकरण और आटोमेशन का विशेष ध्यान रखा गया है। विश्वविद्यालय की वेब साईट का पता www.rgpv.ac.in है, यू.आई.टी की वेबसाइट का पता **http://uitrgpv.ac.in/** है, एवं विश्वविद्यालय के एलुमिनाई पोर्टल की वेबसाइट का पता www.rgpvcampusalumni.in है। इन वेबसाइट पर विश्वविद्यालय एवं संस्था द्वारा संचालित समस्त महत्वपूर्ण गतिविधियों एवं विश्वविद्यालय के अध्यादेश/परिनियमों/परीक्षा परिणामों इत्यादि का अवलोकन किया जा सकता है ।

विश्वविद्यालय के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी:–

वर्तमान में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निम्नानुसार है:–
प्रो. सुनील कुमार गुप्ता–कुलपति
प्रो. एस.एस. कुशवाह–प्रभारी कुलसचिव
प्रो. ए.के. सिंह–परीक्षा नियंत्रक
प्रो. आर.एस.राजपूत–संचालक यूआईटी
प्रो. टी.के. श्रीवास्तव–सचिव पत्रोपाधि
डॉ. अरूण पालीवाल–वित्त नियंत्रक
विश्वविद्यालय की घटक संस्थाएँ:–

विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय की घटक संस्था यूनिवर्सिटी इंस्ट्टीयूट टेक्नॉलॉजी न्ऽ.ळच्ट भोपाल, झाबुआ एवं शहडोल में स्थापित है। एवं हाल ही में शासन द्वारा यूनिवर्सिटी की घटक संस्था शिवपुरी में खोले जाने का निर्णय लिया गया है। संस्था की प्रारंभिक गतिविधियां यथा–अखिल भारतीय शिक्षा परिषद् से अनुमोदन एवं अन्य कार्यवाहियां प्रगति पर है। विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में ही यूनिवर्सिटी पोलीटेक्निक संचालित किया जा रहा है जिसमे सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रोनिक्स डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे है। संस्थाओं में संविदा अध्यापको कि नियुक्तियॉ की जा चुकी है एवं अध्यापन कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। संस्थाओं में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिनियुक्ति/नियुक्ति किए जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। यूआईटी, शहडोल के भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है एवं शीघ्र ही इसका आधिपत्य प्राप्त हो जायेगा।

- **विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों की गतिविधियां:–**

**कार्यपरिषद की बैठकें :–** वर्ष 2019 में विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की 05 बैठकें आयोजित की गई। जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं वित्तीय प्रस्तावों पर निर्णय लिये गये एवं विश्वविद्यालयों के कार्यो को गति प्रदान की गई।
**विद्वत परिषद की बैठकें :–** वर्ष 2019 में विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 06 बैठकें आयोजित की गई। जिसमें शैक्षणिक एवं शिक्षा संबंधी नीतियों, शिक्षण की विद्याओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये।
**विद्वत परिषद की स्थाई समिति क बैठकें :–** वर्ष 2019 में विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की स्थाई समिति की 01 बैठक आयोजित की गई। जिसमें शैक्षणिक एवं शिक्षा संबंधी नीतियों, शिक्षण की विद्याओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये।
**वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2019–2020** में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से 155 इंजीनियरिंग, 38 मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, 116 फार्मेसी तथा 05 आर्किटेक्चर महाविद्यालय संबंद्ध है। शैक्षणिक सत्र 2019–2020 में 35 नवीन फार्मेसी महाविद्यालयों को को संबद्धता प्रदान की गई है।
**विभिन्न पाठ्यक्रमों के स्कीम एवं सिलेबसः–**विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के स्कीम एवं सिलेबस 2019 की अवधि में एआईसीटीई के मॉडल केरिकुलम के अनुरूप बी.टेक. के पंचम एवं षष्टम् सेमेस्टर के पाठ्ययोजना एवं पाठ्यचर्या तैयार कर लागू किये गये है जिस हेतु समय – समय पर बी.टेक. के अध्ययन मंडलों की बैठकें आयोजित की गई।
**विश्वविद्यालय के अध्यादेश :–**वर्ष 2019 में Ordinance No 4C – Ordinance for Bachelor of Technology System नवीन अध्यादेश तैयार कर लागू किया गया है। इसके साथ ही यूजीसी के नियमों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 11 “Doctor of Philosophy” को पुनरीक्षित किया गया।

- **पीएचडी विभाग से संबंधित विवरण:–**

विश्वविद्यालय के 11 अधिकृत शोध केन्द्रों में शोध कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2019 में विश्वविद्यालय द्वारा माह जुलाई एवं अगस्त में आर.डी.सी आयोजित की गई। विश्वविद्यालय द्वारा शोध कार्य हेतु नवीन शोधार्थीयों की लिखित परीक्षा दिनांक 29, जून, 2019 को आयोजित कराई गई, उक्त परीक्षा के सफल आयोजन के उपरान्त 82 नवीन शोधार्थीयों का नामांकन किया गया। वर्ष 2019 में 37 पी.एस.डी.सी. आयोजित कराई गई एवं वर्ष 2019 में 35 शोधार्थियों को पी.एच.डी. उपाधि से अलंकृत किया गया।

- **विश्वविद्यालय का वित्त विभाग:–**

**राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति (राजस्व एवं व्यय):–**
**विश्वविद्यालय के वित्त कक्ष से संबंधित जानकारी:–**

**(रु. लाख में)**

| वित्तीय वर्ष | सकल आय | सकल व्यय |
|---|---|---|
| **2018-2019** | **16399.00** | **15835.56** |
| **2019-2020*** | **12311.31*** | **7614.49*** |

***(Upto Dec.2019)**

**विश्वविद्यालय की सावधि जमा:–**
वित्तीय वर्ष 2019–2020 में माह दिसम्बर, 2019 की स्थिति में विश्वविद्यालय की सावधि जमा मद में निवेश **51730.17** लाख है।
**विश्वविद्यालय का कार्पस फण्ड:–**
वित्तीय वर्ष 2019–2020 में माह दिसम्बर, 2019 की स्थिति में विश्वविद्यालय के कार्पस फण्ड मद में निवेश 37356.53 लाख है।
**विश्वविद्यालय का Research Development & Innovation Fund :–**

वित्तीय वर्ष 2019–2020 में माह दिसम्बर, 2019 की स्थिति में विश्वविद्यालय के Research Development & Innovation Fund मद में निवेश 1460.86 लाख है।

**विश्वविद्यालय का Fund for Promotion of Enterpreneurship Development:–**

वित्तीय वर्ष 2019–2020 में माह दिसम्बर, 2019 की स्थिति में विश्वविद्यालय के Fund for Promotion of Enterpreneurship Development मद में निवेश 1597.83 लाख है।

**विश्वविद्यालय का Teachers Welfare Fund:–**

वित्तीय वर्ष 2019–2020 में माह दिसम्बर, 2019 की स्थिति में विश्वविद्यालय के ज्मंबीमते ॅमसंतिम थ्नदक मद में 280.91 लाख है।

- **टेक्यूप परियोजना संबंधित प्रगति प्रतिवेदन–**

विश्वविद्यालय द्वारा टेक्यूप परियोजना के अन्तर्गत संचालित कार्यो की प्रगति का वार्षिक विवरण **(परिशिष्ट–1)** पर प्रस्तुत है।

- **न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति:–**

विश्वविद्यालय के विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की स्थिति निम्नानुसार है:–

| क्रमांक | संबंधित न्यायालय का नाम | प्रकरणों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर | 70 |
| 2. | खण्डपीठ ग्वालियर | 20 |
| 3. | खण्डपीठ, इन्दौर | 10 |
| 4. | जिला न्यायालय | 05 |
| 5. | उपभोक्ता फोरम | 20 |
| 6. | श्रम न्यायालय | 15 |

- **विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2019 में किए गए उल्लेखनीय कार्यकलाप:–**
- **विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित प्रतिष्ठित संस्थानों से वर्ष 2019–20 में एमओयू निष्पादित किए गए, जिसकी सूची निम्नानुसार है:–**
  1. रागांप्रौवि एण्ड एम.पी. स्टेट फार्मेसी काउंसिल दिनांक 16.10.2019
  2. रागांप्रौवि एण्ड केम्ब्रिज असिसमेन्ट, यूके दिनांक 05.09.2019
  3. रागांप्रौवि एण्ड सृजन संचार दिनांक 30.10.2019

  **रागांप्रौवि एवं सात अन्य विश्वविद्यालय–**
  1. अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
  2. छत्रसाल विश्वविद्यालय, छतरपुर।
  3. डॉ0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय, महू।
  4. छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय।
  5. जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर।
  6. शहडोल विश्वविद्यालय।
  7. महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट।
- **विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह का आयोजन–**

  विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 04 फरवरी, 2019 को माननीय राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा इंजीनियरिंग, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, एम.सी.ए. एवं पोलीटेक्निक संस्थाओं में वर्ष 2016–17 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को स्वर्ण एवं रजक पदक वितरित किए गए।
- **नशामुक्ति विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन–**

विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन दिनांक 16.04.2019 को विश्वविद्यालय के सेमीनार हॉल में किया गया। इस अवसर पर श्री राकेश मल्होत्रा, United Nations Development Programme (UNDP) मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुये।

- **सद्भावना दिवस का आयोजन–**
  विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 20 अगस्त, 2019 को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री राजीव गांधी की 75वीं वर्षगांठ पर सद्भावना दिवस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सेमीनार हॉल में किया गया।
- **विश्वविद्यालय के 21वें स्थापना दिवस एवं शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन–**
  विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 05 सितम्बर, 2019 को 21वें स्थापना दिवस एवं शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा वृहद संगोष्ठी Technical Education in the Era of Innovation का आयोजन किया गया।
- **राष्ट्रपिता श्री महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम–**
  विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रपिता श्री महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर 2 अक्टूबर, 2019 को विश्वविद्यालय एवं संबद्ध संस्थाओं में गांधी साहित्य के वाचन का सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **हार्टफुलनेसस के कार्यक्रम का आयोजन–**
  हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट भोपाल, द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय तकनीक एवं ध्यान का कार्यक्रम दिनांक 14, 15 एवं 16 अक्टूबर, 2019 को विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थीगण तीन दिवसीय ध्यान कार्यक्रम में उपस्थित हुये।
- **रजत जयंती समारोह का आयोजन–**
  विश्वविद्यालय के घटक संस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, रागांप्रौवि, भोपाल के वर्ष 1994 बेच के छात्रों हेतु 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 1 नवम्बर, 2019 को रजत जयंती समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर वर्ष 1994 के तीन विशिष्ट पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया।
- **उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए इन्क्यूबेशन स्किल डेवलपमेन्ट सेन्टर की स्थापना–**
  उद्यमशीलता को प्रोत्साहन के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के मध्य उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए के MAP_IT, Department of Science of Technology, Govt. of MP lkFk la;qDr :i ls “Incubation & Skill Development Centre” की स्थापना करने का निर्णय कार्यपरिषद में लिया गया।
- **विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की नवीन इकाई का शुभारंभ–**
  विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की नवीन इकाई का शुभारंभ किया गया।
- **विश्वविद्यालय में कार्यरत् दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विनियमितिकरण किया जानाः–**
  विश्वविद्यालय द्वारा मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 136 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विनियमितिकरण की कार्यवाही की जा चुकी है।
- **विश्वविद्यालय में कार्यरत् दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं स्थाईकर्मी हेतु प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा सुरक्षा उपलब्ध योजना लागू करनाः–**

इन कर्मचारियों हेतु कार्यपरिषद् की 104 वीं बैठक दिनांक 28 दिसम्बर, 2019 के निर्णय अनुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत् दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं स्थाईकर्मी हेतु प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया।

- **विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों केलिए समूह दुर्घटन बीमा तथा दुर्घटना मेडिक्लेम योजना लागू की गई–**

  विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् की 104 वीं बैठक दिनांक 28 दिसम्बर, 2019 के निर्णय अनुसार विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 02 लाख रूपये दुर्घटना समूह बीमा योजना तथा 25 हजार रूपये दुर्घटना मेडिक्लेम सुविधा लागू किए जाने का निर्णय लिया गया।

विश्वविद्यालय का पत्रोपाधि प्रभाग, गौतम नगर कार्यालय की गतिविधियां:–

विश्वविद्यालय के अधीनस्थ डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संचालन एवं परीक्षाओं के आयोजन हेतु पत्रोपाधि प्रभाग संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में निम्न विवरण अनुसार संस्थाऐं इस विभाग के अधीन संचालित है:–

| स0क0 | पोलीटेक्निक महाविद्यालय | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सह शिक्षा पोलीटेक्निक | 60 |
| 2. | महिला पोलीटेक्निक | 10 |
| 3. | निजी पोलीटेक्निक | 19 |
| 4. | इंजी0 महाविद्यालयों द्वारा वित्तीय पारी में संचालित पोलीटेक्निक | 76 |
| 5. | निजी फार्मेसी महाविद्यालय | 118 |
| कुल:– | | 283 |

- कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 27 जुलाई, 2019 के निर्णय अनुसार विश्वविद्यालय के पत्रोपाधि प्रभाग के इ–गर्वनेंस,वेब पोर्टल एवं इक्जामिनेशन कंट्रोल सिस्टम के संचालन हेतु क्रिस्प के साथ हस्ताक्षरित एम.ओ.यू.के नवीनीकरण किया गया।

यूनिवर्सिटी पोलिटेकनिक की गतिविधियां–

**(1)** शैक्षणिक सत्र 2019–20 के माह जनवरी में शैक्षणिक केलेण्डर के अनुसार सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र–छात्राओं को द्वितीय चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर में प्रवेश देकर पठन–पाठन कार्य प्रारम्भ किया गया।

**(2)** छात्र–छात्राओं के बौद्धिक स्तर (तकनीकी विकास) को बढ़ाने के लिये विभिन्न प्रोजेक्ट सम्पन्न कराये गये।

**(3)** सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र छात्राओं के रोजगार हेतु विभिन्न संस्थाओं में आयोजित ओपन कैम्पस में भेजा गया तदानुसार छात्र–छात्रायें चयनित हुई एवं रोजगार प्राप्त हुआ जिसकी सूची निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | कंपनी का नाम | ब्रांच | चयनित छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | मदरसन सिस्टम प्राइवेट लिमि. गुजरात | ME, EE, ET | 9,3,9 |
| 2. | जॉन डीरे, प्राइवेट लिमि. देवास | ME | 7 |
| 3. | एस्कॉट, फरीदाबाद | ME | 7 |
| 4. | वाय के. के. इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | ME | 1 |
| 5. | जी. आर. इंफ्राप्रोजेक्स | ME | 1 |

यूनिवर्सिटी पोलीटेक्निक द्वारा माह मई–जून 2019 में आयोजित की जाकर परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए गए। पोलीटेक्निक द्वारा समस्त कक्षायें समय पर प्रारंभ की जा चुकी है।

जनवरी 2019 के सम सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर के पठन–पाठन का कार्य शैक्षणिक केलेण्डर के अनुसार 1 जनवरी 2020 से प्रारंभ किया जा चुका है।

- **समरस ग्राम योजनाः—**

समरस ग्राम योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा पांच ग्राम बिशनखेड़ी, चांदपुर, डोबरा, खेजड़ादेव एवं परवाखेड़ा गोद लिए गए है। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीव्ही) एवं संबद्ध संस्थानों के प्रोफेसर और विद्यार्थी आगामी समय में सर्वश्रेष्ठ भारत उन्नत गांव अवधारणा के तहत प्रदेश के गांवों में समरस ग्राम अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2019–20 में उन्नत भारत योजना के अन्तर्गत चांदपुर ग्राम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 08 जनवरी, 2019 को किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय द्वारा सोलर एग्री पम्प स्थातिप किए जाने हेतु डोबरा ग्राम के ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु माह अप्रैल 2019 में अभियान चलाया गया।

विश्वविद्यालय द्वारा जून–जुलाई, 2019 में स्वरोजगार और उद्यमशीलता का उपक्रम अन्तर्गत अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगिता जागरूकता कार्यक्रम ग्राम चांदपुर एवं डोबरा के निवासियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों द्वारा सहभागिता की। इसी अभियान के अन्तर्गत दिनांक 18 से 22 अगस्त, 2019 तक ऊर्जा दक्ष ग्राम योजना के अन्तर्गत ''ऊर्जा दक्ष उपकरण वितरण कार्यक्रम'' आयोजित किया गया। तत्संबंध में गतिविधियों से संबंधित छायाचित्र **(परिशिष्ट–2)** पर प्रस्तुत है।

- **यूआईटी–रागांप्रौविविश्वविद्यालय की घटक संस्थानः—**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में वर्तमान में इस संस्था में चलाये जाने वाले विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का विवरण निम्नांकित तालिकाओं में दिया गया है। संस्था की प्रथम वर्ष की प्रवेश क्षमता 750 है एवं सभी वर्षो की कुल प्रवेश क्षमता 3144 है।

- **यूआईटी–आरजीपीवी में संचालित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों का विवरणः—**

| क्र. | विवरण | अनुमोदित प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|
| 1 | बी.ई.आटोमोबाईल इंजीनियरिंग | 60 |
| 2 | बी.ई.सिविल इंजीनियरिंग | 60 |
| 3 | बी.ई.कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 120 |
| 4 | बी.ई.इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग | 120 |
| 5 | बी.ई.इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग | 60 |
| 6 | बी.ई.इन्फारमेशन टेक्नोलाजी | 60 |
| 7 | बी.ई.मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 60 |
| 8 | बी.ई.पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग | 60 |

- **यूआईटी–आरजीपीवी में संचालित विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का विवरणः—**

| क्र. | विवरण | अनुमोदित प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|
| 1 | एम.ई. कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 18 |
| 2 | एम.ई.डिजिटल कम्यूनिकेशन | 18 |
| 3 | एम.ई. हीट पावर | 18 |
| 4 | एम.ई. पावर सिस्टम | 18 |
| 5 | एम.ई. स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग | 18 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 60 |
| 7 | एम.एस.सी.एप्लाईड मैथमेटिक्स | 18 |

| संस्था | विवरण | अनुमोदित प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|
| यूआईटी–आरजीपीवी शहडोल | बी.ई.मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 60 |
| यूआईटी–आरजीपीवीशहडोल | बी.ई.माईनिंग इंजीनियरिंग | 60 |
| यूआईटी–आरजीपीवी झाबुआ | बी.ई.मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 60 |
| यूआईटी–आरजीपीवीझाबुआ | बी.ई.कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 60 |

- **विश्वविद्यालय के शैक्षणिक प्रभागः–**

**विश्वविद्यालय के अंतर्गत 5 शैक्षणिक प्रभाग स्थापित है जिसकी जानकारी निम्नांकित तालिका अनुसार हैः–**

| | | |
|---|---|---|
| स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल्स साइंस | एम.फार्मा. | फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री |
| | | फार्मास्युटिक्स |
| | | क्वालिटी ऐशोरेंस |
| स्कूल ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी | एम.टेक | कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी एंड एप्लीकेशन |
| | | इनफारमेशन टेक्नोलॉजी |
| | | साइबर फोरेंसिक |
| | | डाटा साइंसेस |
| स्कूल ऑफ एनर्जी इनवायरमेंट एंड मैनेजमेंट | एम.टेक | एनर्जी टेक्नोलॉजी |
| स्कूल ऑफबायोटेक्नोलॉजी | एम.टेक | बॉयोटेक्नोलॉजी |
| स्कूल ऑफ नैनो टेक्नोलॉजी | एम.टेक | नैनोटेक्नोलॉजी |

- **विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित विश्वविद्यालय की सम–सामयिक गतिविधियांः–**

  **गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजनः–**

  विश्वविद्यालय में दिनांक 02.10.2019 को गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता अभियान का एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण/शिक्षकगण/कर्मचारीगण छात्रगण उपस्थित हुये। इस अवसर पर एवं समस्त विश्वविद्यालय प्रागंण में स्वच्छता मैराथन एवं मंचीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

- **परीक्षा संबंधी गतिविधियांः–**

  **विश्वविद्यालय के परीक्षा प्रभाग द्वारा परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार एवं सुविधाऐं प्रदान की जा रही है, जो निम्नानुसार हैः–**

  शैक्षणिक सत्र 2019–20 से इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा में भी प्रश्नपत्रों का निर्माण एवं उत्तर लिखने की सुविधा का समावेश।

  शैक्षणिक सत्र 2019–20 से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या का इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में सभी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में एक समान रूप से समावेश।

शैक्षणिक सत्र 2019–20 से फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नईदिल्ली द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या का फार्मेसी पाठ्यक्रम में एक समान रूप से समावेश।

एम.ई./एम.टेक./एम. फार्मेसी पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में महाविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन थीसिस का सवमिशन।

एम.ई./एम.टेक./एम. फार्मेसी पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में महाविद्यालय स्तर पर बाह्य–परीक्षक का ऑनलाइन ऑटोमेटिक जनरेशन।

परीक्षा विभाग में ग्रेडिंग सिस्टम के अंतर्गत आने वाले छात्रों के परीक्षा परिणाम समय पर तैयार कर जारी किये गये है। समस्त स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परिणाम भी समय पर जारी कर दिये गये है। मई–जून, 2019 एवं दिसम्बर की परीक्षाऐं एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार समय पर आयोजित की गई। मूल्यांकन/परीक्षा परिणाम की कार्यवाही प्रगति पर है।

विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत् कुल छात्रों की संख्या 290950 है।

- **विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को प्रदान की जा रही मुख्य सुविधायें:–**

i राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक केलेण्डर के अनुरूप ही विश्वविद्यालय द्वारा समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का आयोजन तथा उनके परीक्षा परिणाम घोषित किये जाते हैं।

ii विश्वविद्यालय द्वारा सर्विस पोर्टल के माध्यम से समस्त छात्रों को ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की सुविधा प्रदान की गई है।

iii छात्रों को विभिन्न परीक्षा संबंधी जानकारियॉ भी वेब–पार्टल के माध्यम से समय पर प्रदान की जा रही हैं एवं छात्रों को उनके परीक्षा परिणाम भी आनलाईन माध्यम से मोबाइल पर प्रेषित किये जा रहे हैं।

iv विश्वविद्यालय द्वारा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा में भी प्रश्नपत्रों का निर्माण एवं उत्तर लिखने की सुविधा छात्रों को प्रदान की जा रही है।

v डिजिटल ट्रान्सक्रिप्ट की ऑनलाइन सुविधा प्रदान की जा रही है।

vi एम.ई./एम.टेक./एम. फार्मेसी पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में महाविद्यालय स्तर पर बाह्य–परीक्षक का ऑनलाइन ऑटोमेटिक जनरेशन।

vii परीक्षा विभाग में ग्रेडिंग सिस्टम के अंतर्गत आने वाले छात्रों के परीक्षा परिणाम समय पर तैयार कर जारी किये गये है। समस्त स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परिणाम भी समय पर जारी कर दिये गये है। मई–जून, 2019 एवं दिसम्बर की परीक्षाऐं एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार समय पर आयोजित की गई। मूल्यांकन/परीक्षा परिणाम की कार्यवाही प्रगति पर है।

- **ट्रेनिंग प्लेसमेंट गतिविधियॉं:–**

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग प्लेसमेन्ट सेल द्वारा वर्ष 2019–20 द्वारा छात्रहित में केम्पस गतिविधियां आयोजित की गई, जिसकी सूची **(परिशिष्ट–3)** पर प्रस्तुत है।

- **विश्वविद्यालय में नामंकित छात्र–छात्राओं को आकस्मिक दुर्घटना सहायता की योजना:–**

विश्वविद्यालय से संबंद्ध महाविद्यालयों में अध्यनरत् छात्र–छात्राओं को आकस्मिक दुर्घटना सहायता की योजना विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2019–20 के लिये निरंतर की गई है। विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त इंजी. महाविद्यालय, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, एम.सी.ए. पाठ्यक्रम में अध्यनरत नियमित स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा छात्र छात्राओं के लिए आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु/स्थाई अपंगता होने पर संबंधित साक्ष्यो एवं प्रतिपूर्ति दावा प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा परीक्षण कर 10 छात्र–छात्राओं के दुर्घटना मृत्यु प्रकरण में विश्वविद्यालय द्वारा

उनके अभिभावको को रू. 19,00,000/—(रूपये उन्नीस लाख मात्र) राशि की सहायता राशि प्रदान की गई।

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2019—20 में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नोडल स्तर पर 29, राज्य स्तर पर 30 प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। साथ ही विश्वविद्यालय के संबंधित संस्थाओं के छात्रों द्वारा विभिन्न पश्चिम क्षेत्र स्तरीय एवं अखिल भारतीय स्तरीय 34 खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

- **कुलाधिपति छात्रवृत्ति योजना—**

विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष मेधावी छात्रों हेतु कुलाधिपति छात्रवृत्ति वितरित की जाती है, इस वर्ष कुलाधिपति छात्रवृत्ति समारोह के अन्तर्गत दिनांक 16 जुलाई, 2019 को 546 छात्रों को 20,000/—रू0 प्रतिछात्र छात्रवृत्ति माननीय राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रदान की गई।

- **रैगिंग रोकथाम संबंधी—**

विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर रैगिंग रोकथाम हेतु विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त संस्थाओं/इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के प्राचार्यो/संचालकों को सुझाव एवं निर्देश दिये जाते है, ताकि रैगिंग के संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके । विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर संस्थाओं में जाकर निरीक्षण किया जाता है एवं रैगिंग रोकथाम हेतु पोस्टरों को महाविद्यालय में चस्पा करवाने हेतु वितरित किये जाते हैं। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों में स्थापित एन्टी रैगिंग कमेटी से चर्चा की जाती है तथा रैगिंग रोकथाम हेतु नवीन सुझावों पर भी विचार किया जाता है । विश्वविद्यालय को प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाता है।

- **विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के गतिविधियां—**

विश्वविद्यालय के अन्य विभागों द्वारा समय—समय पर की गई गतिविधियों से संबंधित विवरण (**परिशिष्ट—4)** पर संलग्न है।

**कुलसचिव**
**राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय**
**भोपाल**